आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 09.04.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कल डीब्रेट के सभागार में सूक्ष्म पर्यवेक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- द्वीपों के चुनाव अधिकारी अर्जुन शर्मा ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए स्थानीय स्तर पर तैयारियां की गई है।

- दक्षिण अंडमान ज़िले में एच, एच वन और एक्स दवाओं की बिक्री करने वाले सभी दुकानदारों को अपने दुकानों के भीतर और बाहर सीसी टी वी कैमरा स्थापित करने का निर्देश दिया गया है।

- चैत्र नवरात्र का पर्व आज से मनाया जा रहा है।

- डी जी पी कप क्रिकेट टूर्नामेन्ट का कल समापन हो गया।

<><><><><><><>

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए डीब्रेट के सभागार में कल चुनाव के लिए नियुक्त सूक्ष्म पर्यवेक्षको के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सामान्य पर्यवेक्षक बी एन सिंह प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के संचालन में सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की महत्वपूर्ण भमिका है। उन्होंने इस चुनाव को पारदशी बनाने के लिए अपने कर्तव्य का पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने का आग्रह किया। अवकाश प्राप्त अधिकारी सोम नायडू ने पावर प्वाइन्ट प्रस्तुति के माध्यम से सूक्ष्म पर्यवेक्षको के कार्य और भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि चुनाव के दिन उन्नीस अप्रैल को सभी पर्यवेक्षकों को सुबह साढ़े पांच बजे मॉक पोल के समय उपस्थित रहना होगा।

डॉ ए अब्राहम और सुरेश कुमार ने ई वी एम और वी वी पैट पर डेमो प्रस्तुत किए। उन्होंने बनावटी मतदान का संचालन, ई वी एम को सील करना, फॉर्म सत्रह–ए भरना, चुनौती भरे वोट से निपटना, सेक्टर अधिकारियों से सम्पर्क कर गैर कार्यात्मक ई वी एम और वी वी पैट मशीन को तुरन्त बदलना जैसे विषयों के बारे में बताया।

<><><><><><><>

द्वीपों के चुनाव अधिकारी अर्जुन शर्मा ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए स्थानीय स्तर पर तैयारियां की गई है। उन्होंने लोगों से मतदान में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेकर देश की लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूती प्रदान करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि कुछ मतदान केन्द्रों को संवेदनशील माना गया है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िले में एच, एच वन और एक्स दवाओं की बिक्री करने वाले सभी दुकानदारों को अपने दुकानों के भीतर और बाहर सी.सी.टी.वी कैमरा स्थापित करने का निर्देश दिया गया है। ज़िला मजिस्ट्रेट अर्जुन शर्मा ने नियमों के तहत आदेश जारी करते हुए कहा है कि ज़िले के ऐसे सभी मेडिकल स्टोर, दवा की दुकाने, जहां अधिसूचित एच, एच वन और एक्स दवाओं की बिक्री की जाती है, उन्हें कैमरा लगाने के लिए एक माह का समय दिया गया है। स्थापित कैमरे की फुटेज की कभी भी राज्य दवा नियंत्रक प्राधिकरण यानी स्वास्थ्य सेवा निदेशक या बाल कल्याण पुलिस अधिकारी की ओर से बेतरतीब जांच की जाएगी। जो दवाई दुकान मालिक निर्देश का पालन नहीं करेंगे, उनके खिलाफ नियमों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संबंधित पदनामित अधिकारियों द्वारा अपने–अपने क्षेत्र में पुलिस और दवा निरीक्षक की सहायता से आदेश का पालन किया जाएगा और रिपोर्ट जमा किया जाएगा।

<><><><><><><>

चैत्र नवरात्र का पर्व आज से आरंभ हो रहा है। नौ दिनों तक चलने वाले इस पर्व के दौरान श्रद्धालु मंदिरों और घरों में कलश स्थापित कर पूजा पाठ करते हैं। आज नवरात्रि का पहला दिन है और आज देवी की शैलीपुत्री रूप की आराधना की जाएगी।

<><><><><><><>

पॉक्सो की विशेष अदालत के जज भवानी शंकर शर्मा ने आर. मुनियास्वामी नामक न्यू पहाड़गांव के अंडाल बस्ती के एक व्यक्ति को पॉक्सो के दो अलग–अलग मामलों में कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इनमें से एक मामले में आरोपी को बीस वर्ष की कठोर कारावास के साथ इस पर पचास हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की रकम अदा न करने पर अभियुक्त को दो वर्ष और कठोर कारावास भुगतनी पड़ेगी। जुर्माने की राशि में से पैंतालीस हजार रूपये प्रभावित लड़की को देने का आदेश हुआ है। इसके अलावा एक अन्य मामले में आरोपी को विशेष जज ने दो वर्ष की कठोर कारावास के साथ पांच हजार रूपये का जुर्माना लगाया है। पॉक्सो का यह मामला दो हजार इक्कीस का है और एफ आई आर दर्ज होने के बाद आगे की कार्रवाई आरंभ की गई। इस वर्ष इक्कीस मार्च को आरोपी को सजा सुनाया गया। इस पूरे मामले की पैरवी पॉक्सो की विशेष अधिवक्ता तसनीम आबिद ने की।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने अपनी शैक्षणिक सामग्री के कॉपीराइट उल्लंघन को लेकर चेतावनी जारी की है। चेतावनी में कहा गया है कि यदि कोई भी व्यक्ति या संस्थान कॉपीराइट अनुमति के बिना एन.सी.ई.आर.टी पाठ्यपुस्तकों की सामग्री का व्यावसायिक उपयोग के लिए प्रकाशन करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एन.सी.ई.आर.टी ने लोगों से ऐसी पाठ्यपुस्तकों या कार्यपुस्तिकाओं का उपयोग न करने का आग्रह किया है और कहा है कि उनमें दी गई सामग्री तथ्यात्मक रूप से गलत हो सकती है।

यह भी सलाह दी गई है कि यदि किसी व्यक्ति को ऐसी पायरेटेड पाठ्यपुस्तकें या कार्यपुस्तिकाएं मिलती हैं, तो एन.सी.ई.आर.टी को ईमेल **pd.ncert@nic.in** के माध्यम से इस विषय में तुरंत सूचित करें।

एन.सी.ई.आर.टी ने कहा है कि वह स्कूली शिक्षा के सभी चरणों के लिए पाठ्यपुस्तकों के विकास और प्रसार के लिए उत्तरदायी है तथा शैक्षणिक और शिक्षण संसाधनों का अधिकृत स्रोत है।

**<><><><><><><>**

डी जी पी कप क्रिकेट टूर्नामेन्ट का कल समापन हो गया। पोर्ट ब्लेयर के नेताजी स्टेडियम में खेले गए टी टवेन्टी के फाइनल मैट में चाय सूट्टा बार की टीम ने पुलिस टीम को पराजीत किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव केशव चन्द्र मुख्य अतिथि थे। उन्होंने द्वीपवासियों के लिए इस तरह की खेल कूद गतिविधिया आयोजित करने के लिए पुलिस विभाग की प्रसंशा की। पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि खेल कूद से स्वास्थ्य अच्छा रहता है और कैरियर के विकास के लिए भी ये जरूरी है। डी एस एस के सेवक लाल को टूर्नामेन्ट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। चाय सूट्टा बार के रमेश पांडे को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और पुलिस टीम के दामोदर पिल्लई को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार मिला। इक्तालीस दिनों तक चले इस टूर्नामेन्ट में बाहरी द्वीपों की टीमों के साथ कुल तैंतालीस टीमों ने भाग लिया।

**<><><><><><><>**

एम.वी कैम्पबेल बे अब बारह अप्रैल को रात्रि नौ बजे पोर्ट ब्लेयर से लिटिल अंडमान जाएगा और अगले दिन सुबह आठ बजे इसकी वापसी होगी। एम.वी कालीघाट बारह अप्रैल को ही सुबह सात बजे लिटिल अंडमान होते हुए कार निकोबार जाएगा और तेरह अप्रैल को सुबह आठ बजे कार निकोबार से लिटिल अंडमान होते हुए पोर्ट ब्लेयर लौटेगा।

जिन यात्रियों ने इन दोनों जलयानों की तेरह अप्रैल को होने वाली यात्रा के लिए टिकट खरीदे हैं, उन्हें बारह अप्रैल को इन जलयानों से यात्रा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में उप–राज्यपाल द्वारा अवकाश कर घोषणा की गई है– अंडमान कोनिकल की खबर है। चुनाव प्रचार के दौरान एम सी सी दिशा निर्देशों का उल्लंघन किए जाने पर निर्वाचन अधिकारी की ओर से सभी उम्मीदवारों और दलों को इसका उल्लंघन न करने के लिए नोटिस जारी करने के समाचार को– डेली टेलीग्राम्स ने अपनी बड़ी खबर बनाया है। द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी और पुलिस नोडल अधिकारी ने दक्षिण अंडमान जिले में कुछ चेक प्वाइंट का निरीक्षण किया– द्वीप समाचार की खबर है। निकोबार पुलिस द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने के समाचार को– इंफो इंडिया ने जबकि आई पी एल से जुड़े समाचारों को– द इको ऑफ इंडिया ने अपने खेल पन्ने में जगह दी है।

<><><><><><><>